
# उद्यमियों के लिए महीने के तीसरे शुक्रवार उद्यमी दिवस

राज्य मुख्यालय | प्रमुख संवाददाता



डॉ. नवनीत सहगल, मुख्य अपर सचिव

उद्यमियों की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए अब हर माह के तीसरे शुक्रवार उद्यमी दिवस आयोजित होगा। इस दिन अधिकारी समस्याएं सुनने के साथ तत्काल समाधान देंगे।

इस दिन उद्यम सारथी ऐप पर सभी जिलों के जिला उद्योग अधिकारी वर्चुअली जुड़े रहेंगे। उद्यम सारथी ऐप पर ओडीओपी के लिए हर सप्ताह वेबिनार भी होगा। अपर मुख्य सचिव एमएसएमई डॉ. नवनीत सहगल ने सोमवार को निर्यात प्रोत्साहन भवन में उद्यम सारथी ऐप की समीक्षा के दौरान ये निर्देश दिए। कहा कि उद्यम सारथी अप्लीकेशन पर एक जिला-एक उत्पाद के लिए हर सप्ताह वेबिनार हो और ई-मार्केट प्लेस से लिंक किया जाए।